बर्षः- 06
अंकः- 65
मुरादाबाद
(Thursday)
25 June 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भारत-चीन संबंधः 'मुख्य चिंताओं पर संवेदनशीलता से ही सुधरेंगे रिश्ते, डोभाल का वांग यी को स्पष्ट संदेश



भारत और चीन के बीच रिश्तों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और वांग यी के बीच नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बातचीत हुई। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रमुख हितों और संवेदनशील मुद्दों का सम्मान करना चाहिए। बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर व सकारात्मक दिशा देने पर चर्चा हुई।भारत और चीन के बीच संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी से कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे की मुख्य चिंताओं से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। डोभाल ने नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन के इतर वांग यी के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि एनएसए ने इस बात पर जोर दिया कि स्थिर, पूर्वानुमान योग्य और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध दोनों पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाने और आपसी समझ को गहरा करने में योगदान देंगे।डोभाल ने चीन को दिया क्या संदेश? रणधीर जायसवाल ने कहा, एनएसए ने इस बात के महत्व पर भी जोर दिया कि एक-दूसरे की मुख्य चिंताओं से जुड़े मुद्दों के प्रति लगातार संवेदनशीलता दिखाई जाए। हालांकि, जायसवाल ने इन मुख्य चिंताओं से जुड़े मुद्दों का कोई विवरण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण आपसी संवेदनशीलता, आपसी हितों और आपसी सम्मान की हमारी व्यापक नीति के अनुरूप है।बैठक में दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की समग्र स्थिति की भी समीक्षा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब दोनों देश पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों को फिर से सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बैठक पर क्या बोला चीन?- चीन के राजदूत शू फेइहोंग के अनुसार, वांग यी ने बैठक में कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाली दो अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत को न केवल द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए, बल्कि वैश्विक नजरिए से भी सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों को दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, सहयोग के जरिए अपने-अपने विकास और पुनरुत्थान को बढ़ावा देना चाहिए। वैश्विक दक्षिण के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को तेज करना चाहिए। शू फेइहोंग ने सोशल मीडिया पर कहा कि वांग यी ने कहा, एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करना, संवेदनशील मुद्दों को उचित तरीके से संभालना और चीन-भारत सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखना जरूरी है, ताकि इसका असर द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति पर न पड़े। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों को समाज के सभी वर्गों में सही समझ विकसित करने के लिए भी सक्रिय रूप से प्रयास करने चाहिए और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए मजबूत जनमत और सामाजिक आधार तैयार करना चाहिए।शू फेइहोंग के अनुसार, चीन ने ब्रिक्स की मौजूदा अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका का समर्थन किया है और वह ब्रिक्स तंत्र के विकास और विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### देसी शराब की दुकान में तोड़फोड़, 40 महिलाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज, गांव में बढ़ा तनाव

बदायूं जिले के हरनाथपुर मुस्तखर्जा गांव में मंगलवार को महिलाओं ने देसी शराब की दुकान पर तोड़फोड़ की। उन्होंने शराब की पेटियां तालाब में फेंक दीं। सेल्समैन धीरेश की शिकायत पर पुलिस ने 40 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बदायूं के कुंवरगांव थाना क्षेत्र के हरनाथपुर मुस्तखर्जा गांव में संचालित देशी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर मंगलवार शाम जमकर बवाल हुआ। दुकान न हटाने पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर दुकान की दीवार तोड़ दी। कुछ महिलाओं पर आरोप है कि उन्होंने दुकान के अंदर रखी शराब को नष्ट कर दिया। ट्रेटा पैक फोड़कर बड़ी मात्रा में शराब नाली में बहा दी। पुलिस ने किसी तरह हालात काबू में किए। दुकान के सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस ने 40 महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरनाथपुर मुस्तखर्जा गांव में आबादी के बीच शराब की दुकान है। I क्षेत्र में नशाखोरी बढ़ रही है, जिससे पारिवारिक कलह और सामाजिक समस्याएं जन्म ले रही हैं। शाम के समय शराब पीकर लोगों के अभद्र व्यवहार करने से महिलाओं का निकलना दूभर हो जाता है। नाबालिग बच्चों को भी इसकी लत लग रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी जब ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो मंगलवार की शाम करीब पांच बजे महिलाएं दुकान के बाहर एकत्र हो गईं।

## सीजेपी बनी देश की आवाजः युवा राहुल गांधी की ताकत, कांग्रेस बोली- एकजुट हों दल, असली लड़ाई हमें ही लड़नी होगी

दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे सीजेपी आंदोलन पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पहली बार खुलकर बात की है। बुधवार को पीटाई से बात करते हुए रमेश ने कहा कि सीजेपी आंदोलन युवाओं की नाराजगी और निराशा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बना है, लेकिन किसी भी मुद्दे को स्थायी राजनीतिक बदलाव तक पहुंचाने का काम आखिरकार राजनीतिक दलों को ही करना होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को युवाओं की नाराजगी का परिणाम बताया है। हालांकि उन्होंने इस दौरान साफ कहा कि केवल आंदोलनों के भरोसे लोकतंत्र नहीं चल सकता और किसी भी मुद्दे को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आखिरकार राजनीतिक दलों को ही उठानी पड़ती है। आंदोलन ने युवाओं की भावनाओं का सामने लाया- एक इंटरव्यू में रमेश ने कहा कि सीजेपी को लेकर अलग-अलग तरह की बातें कही जा रही हैं। कुछ लोग इसे किसी डीप स्टेट की देन बताते हैं तो कुछ इसे युवाओं के गुस्से का नतीजा मानते हैं। लेकिन इसकी सच्चाई चाहे जो भी हो, इस आंदोलन ने सोशल मीडिया पर बड़ी चर्चा बटोरी और युवाओं की भावनाओं को सामने लाने का काम किया। यह कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है। युवाओं की लड़ाई राजनीतिक पार्टियों को लड़नी होगी- आखिरकार लोकतंत्र में राजनीतिक दल और उनका संगठन ही अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए युवाओं की आवाज को आगे ले जाने का



काम स्थापित राजनीतिक पार्टियों को करना होगा। रमेश ने कहा कि आंदोलनों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन लोकतंत्र केवल आंदोलनों पर नहीं टिका रह सकता। उसे आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक प्रक्रिया और दलों की भूमिका जरूरी होती है।कांग्रेस देशभर में चला रही अभियान - नीट यूजी की दोबारा परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए रमेश ने कहा कि कांग्रेस देशभर में एक अभियान चला रही है। इसके तहत राहुल गांधी ने कोटा में छात्रों से संवाद किया है और आगे प्रयागराज व पटना में भी कार्यक्रम होंगे। यह अभियान जुलाई के मध्य में दिल्ली में समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ नीट या सीबीएसई की गड़बड़ियों की बात नहीं कर रहे, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की बुनियादी समस्याओं को भी उठा रहे हैं। इनमें परीक्षाओं की विश्वसनीयता, शिक्षा में सरकारी निवेश और बढ़ती निजी करण की प्रवृत्ति शामिल है। शिक्षा बजट से ज्यादा कोचिंग संस्थानों की फीस- रमेश ने बताया कि कोटा में राहुल गांधी ने एक बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि आज देश में परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कोचिंग संस्थानों पर जितना पैसा खर्च कर रहे हैं, वह केंद्र सरकार के शिक्षा बजट से भी अधिक है। यह शिक्षा व्यवस्था में गहरे असंतुलन और असमानता का संकेत है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर देश में कोचिंग सेंटरों की जरूरत इतनी ज्यादा क्यों पड़ रही है? मेडिकल शिक्षा इतनी महंगी क्यों हो गई है? और शिक्षा का लगातार निजीकरण क्यों हो रहा है? उनके मुताबिक, यही वे सवाल हैं जिन पर संसद और समाज दोनों में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। गौरतलब है कि पेपर लीक विवाद के बाद 20 लाख से ज्यादा छात्रों ने रविवार को नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा दी। इस मामले ने सरकार को घेरा और इसी के विरोध में सीजेपी आंदोलन भी चर्चा का केंद्र बन गया।धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अड़े प्रदर्शनकारी- इस बीच सीजीपी का धरना दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी है। आंदोलनकारी कथित NEET-G पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इसी अभियान के तहत प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को %डायपर दान अभियान% भी चलाया। उनका कहना है कि जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। शनिवार से शुरू हुए इस आंदोलन में छात्र, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी और कई छात्र संगठन शामिल हैं।

## अखिलेश यादव बोले - अयोध्या में महापाप हुआ है, एसआईटी का मतलब शेयर इन थेफ्ट मतलब चोरी में हिस्सेदारी



अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एसआईटी को शेयर इन थेफ्ट करार दिया है।अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर प्रशासन को सौंपी गई एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में चढ़ावा चोरी का महापाप हुआ है।

विशेष जांच समिति मतलब एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है। उन्होंने कहा कि एसआईटी का मतलब शेयर इन थेफ्ट मतलब चोरी में हिस्सेदारी है। उन्होंने मामले में अभी तक एफआईआर न होने को लेकर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव बुधवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने राममंदिर का दर्शन कर दान दिया था। चढ़ावा चढ़ाया था। प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र से अगर 10 करोड़ भी मानें तो 800 करोड़ रुपये का चढ़ावा प्रभु श्रीराम को चढ़ाया गया है। लोग गुप्तदान भी करते हैं। अब गुप्तदान करने वाले अगर बोलेंगे तो उनके घर ईडी और सीबीआई पहुंच जाएगी।मध्य प्रदेश में जमीन घोटाले के आरोपों पर कहा, डबल इंजन टकरा रहे हैं मध्य प्रदेश में जमीन घोटाले के लगे आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां सत्ता के इंजन आपस में टकरा रहे हैं इसलिए इस तरह की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं, भाजपा के दूसरे दलों के सांसदों को तोड़ने को लेकर कहा कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है इसलिए सांसदों को जुटा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज का हक मार रही है। प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर आदिवासी समाज को जल, जंगल और जमीन पर पूरा अधिकार मिलेगा। एफआईआर के बिना एसआईटी 'बिना तीर की कमान'- इसके पहले अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा कि एफआईआर के बिना एसआईटी 'बिना तीर की कमान' है। अब दान में दिये गये 'कागभुसुंडि' के गायब हो जाने की निंदनीय खबर आई है जिस तरह हर दिन 'चढ़ावा-चंदा-दान' चोरी का नया भंडाफोड़ हो रहा है और सनातनी आस्थावानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, उसे देखकर नेपाल और बाकी बार्डर बंद कर देने चाहिए, जिससे आरोपी फरार न हो सकें। जब अभी खुलासे हो ही रहे हैं तो एसआईटी की जांच क्या हासिल कर लेगी और खासतौर से तब जब ये 'जांच' से ज़्यादा 'ढाक' के लिए बनी है या फिर 'बांट' के लिए।

## ओपी राजभर बोले- मोहन यादव के भ्रष्टाचार पर हल्ला मचाकर क्या छिपा रहे हैं अखिलेश यादव, उठाए जमीनों पर सवाल

मप्र की जमीन खरीद विवाद में मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम सामने आया है। इस पर अखिलेश यादव ने उनका बचाव किया था। अब इस पर ओपी राजभर ने प्रतिक्रिया दी है। मप्र जमीन खरीद विवाद पर मोहन यादव का नाम आने के बाद अखिलेश यादव ने उनका बचाव किया था। अब इस मामले में राजनीतिक प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। यूपी कैबिनेट में मंत्री ओपी राजभर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अखिलेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानिए क्या लिखा है उन्होंने अखिलेश यादव जी, माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर जी के संबंध में इतना हल्ला क्यों कर रहे हो? इतना शोर करके छुपाना क्या चाहते हो आप? ऐसा क्यों चाहते हैं कि दुनिया वही देखे जो आप दिखाएं? अब बताता हूं, आपकी पीड़ा क्या है? आप क्यों घबरा गए! कैसे आपके निवेश पर चोट पहुंच गई और क्यों आप



बौखला गए? अखिलेश जी! एमपी कैडर के आईएएस भरत यादव जो राज्य सड़क विकास निगम के चेयरमैन हैं, उनसे आपने अपना रिश्ता छिपा लिया। अखिलेश जी भरत यादव आपके कुबेर चंद्रपाल यादव के दामाद हैं। चंद्रपाल यादव सपा के कद्दावर नेता और पार्टी कोषाध्यक्ष रहे हैं। उम्मीद है कि आपको याद आ गया होगा। अखिलेश यादव जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नाम पर हुए एक फर्जी खुलासे से आप डर गए? मध्य प्रदेश में हाईवे का रास्ता कहां से जाएगा- यह भरत यादव तय करते हैं या उन्हें इस बात की जानकारी होती है। जो आपके हैं, अपने हैं, खास हैं। इस मामले में अखिलेश जी आपकी तिलमिलाहट बता रही है कि भरत यादव ने आपसे और अपने लोगों से वहां की जमीनों में भारी निवेश करवाया है। और जमीन खाने के मामले में सैफई परिवार बहुत अनुभवी है। इसे पूरा उत्तर प्रदेश जानता है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे में सैफई परिवार ने यही किया था। फिरोजाबाद से इटावा तक जमीनें खरीदी गईं और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के रूट को मनमाने तरीके से मोड़ा गया। निजी फायदे के लिए सैफई तक अनावश्यक रूप से रूट का मार्ग घुमाकर एक्सप्रेसवे की दूरी 30 किमी और ज्यादा बढ़ा दी गई। औने-पौने दाम में जमीनों को खरीदकर भारी भरकम मुआवजा वसूला गया। सपाई लोडरों! गोमती रिवर फ्रंट की रिपोर्ट जारी करने के बाद अखिलेश को डर बैठ गया है कि कहीं मध्य प्रदेश एक्सप्रेसवे रिपोर्ट जारी न हो जाए, जिससे उनका निवेश डूब जाए। जांच एजेंसियों को पता लगाना चाहिए कि मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश के कौन-कौन से सफेदपोश निवेशक शामिल हैं।जमीन खरीद विवाद को लेकर चर्चा में आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का समर्थन मिला है। इस पूरे विवाद को साजिश बताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहन यादव को बदनाम करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने साजिश रची है, उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या बीजेपी को पता नहीं था कि मोहन यादव रियल इस्टेट का काम करते थे। बकौल अखिलेश यादव, ये आरोप इसलिए लग रहा है कि भाजपा रास्ता ढूंढ रही है कि तीन मुख्यमंत्री कैसे बदलें। वे मुख्यमंत्री बदलना चाहते हैं इसलिए आरोप लगवा रहे हैं, इन्हें मध्य-प्रदेश, राजस्थान के मुख्यमंत्री को हटाना है। इन दो को इसलिए हटा रहे हैं कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हटाना है।

## संपादकीय Editorial

### The end of an imposed war.

The world must have breathed a sigh of relief! The economic downturn, energy and food crises, and the horrors of devastation will no longer threaten. Iran's 47-year-long global exile and sanctions will now end. Eleven Iranian ships carrying crude oil passed through the Strait of Hormuz. Qatari LNG tankers, as well as ships from Saudi Arabia and the United Arab Emirates, are also passing through. The Strait of Hormuz, as it was before the war, is beginning to open up and open up. The United States has also lifted its military blockade in the Strait of Hormuz-Oman. American forces will also gradually withdraw. These are the scenes of joy and smooth movement following the signing of the draft agreement between the United States and Iran. US President Trump signed the agreement document at the Palace of Versailles in Paris, during the G-7 summit, followed by Iranian President Masoud Pezeshkian. With this, the 110-day Iran War has ended. The terrifying sounds of bombing, missiles, drones, explosions, flames, and smoke have finally ceased, and the devastation has finally ceased. Humanity will survive, for now, it is certain. Negotiations will continue for the next 60 days. A final solution and consensus will be reached, but it is certain that President Trump will no longer order war. This war has cleared up many of his misconceptions. He may be introspecting about war, perhaps even sparing Cuba, and concluding that not every country is Venezuela. This war's conclusion has been extremely tragic, with a total of over 7,500 deaths. According to the Pentagon and Iran War Cost Tracker, both countries have suffered losses totaling approximately 162 trillion rupees. Countries not directly involved in the war also suffered losses totaling approximately 112 trillion rupees. Gulf countries not only suffered losses of approximately $194 billion, but also lost approximately 3.6 million jobs. Nearly 4 million people were forced below the poverty line. The US and Israel launched approximately 2,500 attacks on Iran, reducing it to ruins. Iran alone suffered losses of approximately ?30 lakh crore, and the US also incurred an expenditure of approximately ?10.64 lakh crore. Iran destroyed its missiles and drones worth ?10 lakh crore. Fifteen US soldiers were killed, and its military bases in the Gulf countries were destroyed. Its image as a "superpower" has undoubtedly been tarnished. It can be assumed that President Trump had to agree to this agreement, perhaps even yield. He surprised everyone by admitting during the G-7 meeting that its reserves would be exhausted within four weeks. The world's reserves would also be depleted. Had oil and gas run out, the world would have been in chaos. Stockpiles of vital and deadly weapons were also depleting. They could not be replenished even in the next three years. A looming economic recession threatened, so there was no other option but to end the war. Indeed, Iran's three nuclear sites and five missile centers were damaged. Forty top figures and commanders, including the country's Supreme Leader Khamenei, were killed, but Iran did not disintegrate. It remained committed to the regime and offered a steadfast opposition to the enemy. Although a large part of Iran was reduced to a graveyard, Iran emerged as the "Alexander" of this war. It achieved a moral victory, as whatever the US and Israel's goals and plans were, they remained unfulfilled and were thwarted. Iran's nuclear program remains intact, enriched uranium remains safe, and it has certainly declared that it will not develop nuclear weapons. This was also Khamenei's order. Now, Iran will be able to sell an average of 1.5 million barrels of crude oil daily. It will be able to enter into new agreements with major customer countries like India. Its confiscated assets will also be released.

# Harmful Drugs

The Central Government has banned 16 Fixed Dose Combination (FDC) drugs. The ban was imposed on 16 FDC drugs. The central government imposed the ban drugs and are formulated as manufacture, distribution, and (FDC) drugs was prohibited no solid medical basis and that question is: if this was the case, manufactured and sold in the explanation that this step was rational use of medicines, and proven medicines to the public taken in time? It should be manufactured and sold for drugs have been banned. banned after scientific review.



on 16 drugs that combine two or more tablets, capsules, or syrups. The sale of these fixed dose combination because it was found that their use had their continued use was harmful. The why were these drugs allowed to be first place? The Union Health Ministry's taken to protect public health, promote ensure the availability of only scientifically is unconvincing. Why was this action not noted that many of these drugs have been centuries. This isn't the first time FDC Previously, several FDC drugs have been It's difficult to understand why the efficacy and quality of FDCs and other drugs aren't already vetted. It shouldn't be overlooked that the testing of 16 drugs was conducted following a Supreme Court directive. In a way, the government did what it should have done on its own, only after the Supreme Court directed it to do so. This demonstrates the country's drug policy is flawed. Evidence of this continues to emerge. Cases of substandard or counterfeit drugs continue to surface. Whenever the Central Drugs Standard Control Organization releases quality testing reports, it reveals that numerous samples have failed. Sometimes, the samples are so poor that state governments have been forced to suspend the licenses of the pharmaceutical companies involved. Despite this, the production and sale of substandard and counterfeit drugs shows no signs of abating. The most worrying situation is that of cough syrups. Last year, more than 20 children died after consuming toxic cough syrups. Following this incident, the government appeared to crack down on companies producing substandard cough syrups, but the truth is that the production of such cough syrups continues unabated. Now, the government has decided that cough syrups will not be available without a doctor's prescription. One can understand that this is not an effective way to address the serious problem of the production and sale of substandard cough syrups.

# A fragile agreement

Under the agreement, the US has lifted all sanctions imposed on Iran. This will now enable India to purchase oil from Iran. Ultimately, the US President, along with Israel, had to reach an interim agreement with Iran after an unnecessary war against Iran. At present, this agreement appears fragile. Israel's attack on Lebanon yesterday, despite Lebanon being part of the agreement, raises the question of whether the US and Iran will be able to resolve unresolved issues through mutual dialogue over the next 60 days. It is a matter of concern for both Israel and the US that Iran supports organizations like Hamas, Hezbollah, and the Houthis, which pose a threat to Israel. Although Trump is warning Israel to exercise restraint regarding Lebanon, is Iran willing to guarantee that it will rein in Hezbollah? If Iran does not rein in Hezbollah, it will be impossible for Israel to refrain from targeting it in Lebanon. The mystery surrounding the US-Iran war is why Trump felt the need to wage war against Iran. Iran had been enriching uranium for several years and was believed to be attempting to develop nuclear weapons. This worried Israel and the Gulf countries. Anticipating Iran's nuclear weapons development, the US imposed sanctions on Iran. This made it difficult for Iran to trade with other countries. Since the US is the largest economic power, no country could muster the courage to circumvent its sanctions. Iran was only able to sell oil to countries other than China that were not affected by US sanctions. It was also selling some of its oil clandestinely. Although its economy was steadily weakening, it seemed unwilling to abandon its intention to develop nuclear weapons. The general belief is that the US attacked Iran at Israel's behest. Trump was also angered by the fact that Iran continued to pursue its nuclear program despite intense pressure. As soon as the US and Israel targeted Iran, it stopped ships from passing through the Strait of Hormuz. Furthermore, it began targeting American bases in Gulf countries. Gulf countries depend on the US for their security. Iran's attacks sent a message that they were not safe under American military protection. Iran possessed a stockpile of missiles and cheap, yet lethal drones. This is why it continued to respond to US attacks. Despite spending billions of dollars to attack Iran, the US was unable to blunt its military capabilities. The US President also faced the problem that continuing a long-term war against Iran would require parliamentary approval, which was extremely difficult to obtain. Perhaps this is why he was forced to reach a compromise. While he is calling this agreement a victory, Iran is also making a similar claim. It is true that Iran has promised not to develop nuclear weapons, but can Israel trust it? It remains to be seen whether the interim agreement reached between the US and Iran will translate into a final agreement. The US is concerned that Iran secretly wants to develop nuclear weapons, but everyone knows that Pakistan also secretly developed nuclear weapons, and the US never imposed sanctions on it. It also failed to punish Pakistan for harboring numerous terrorist groups. Because the US specializes in duplicity, its image and reputation in the world are steadily declining. President Trump, who once labeled Pakistan a traitor, is now engaged in fostering friendship with Pakistan. Furthermore, he provided it with the opportunity to play a role in brokering a deal between the US and Iran. Although some other countries also played a role in this agreement, the way the US supported Pakistan in reaching a deal with Iran has allowed it to portray itself as a supporter of peace, despite the fact that it is an irresponsible nation and lacks the capacity to broker a deal between the US and Iran. Not surprisingly, it was seen as merely a country exchanging messages. Following the agreement between the US and Iran, the Hormuz Sea route has opened and shipping has resumed. This has led to a softening of oil prices in the international market. This will directly benefit India and other countries around the world. It is hoped that the difficulties faced by the global economy due to rising oil, gas, and fertilizer prices over the past hundred days will gradually resolve. If the US-Iran agreement proves effective, it will not only maintain peace in West Asia but also provide relief to the global economy, as the Strait of Hormuz accounts for a fifth of the world's energy exports. Under the agreement, the US has lifted all sanctions imposed on Iran. As a result, India will now be able to purchase oil from Iran. It can also develop the Chabahar port in Iran. Importing oil from Iran is beneficial because it will be somewhat cheaper than from Russia, the US, and Venezuela. Under the agreement, the US also agreed to help establish a $300 billion fund for Iran's development. It is facing criticism in the United States, and understandably so, but overall, this agreement is a relief for the world.

## Yoga Enhances Human Potential

Thanks to our knowledge and inventions in the physical world, our visible world is rapidly becoming extremely dynamic and constantly changing. Yoga is an excellent foundation for health. Yoga helps maintain balance and concentration between body and mind. Ashtanga Yoga is a holistic method for self-organization. The scriptures state that health is the best foundation for the four goals of Dharma (religion), Artha (wealth), Kama (desire), and Moksha (liberation). This implies maintaining balance between body and mind. Health means being free from disorders. This is our nature, and it is the duty of every living being to maintain it. Nature has designed us in this way, but in today's competitive era, we are facing problems in living our lives accordingly. Disorders are arising. Disorders are obstacles, which not only hinder progress but also waste our strength and energy. This distracts us from our goals. In today's rapidly digital age, young and old alike often complain of distraction. Their minds are unable to remain still. As a result, tasks are difficult to perform and memory begins to weaken. On the other hand, it is a common experience that only through focused attention and concentration can any task be accomplished. "Paying attention" is nothing more than directing the continuous flow of our consciousness. We focus our attention on an object, person, or event. In this context, harmonizing the inner and outer world, that is, connecting properly and in the right place, is becoming the greatest challenge today. The number of mentally ill people is increasing exponentially worldwide. In this context, the science of yoga and its practice become crucial. Yoga means connection, but any connection can be accidental or deliberate. According to the science of yoga, yoga is a special kind of deliberate connection. In the light of yoga, our relationship with the inner and outer world takes on a new, powerful meaning. Yama and Niyama describe the process of living a moral life, while Asanas (postures) work to maintain the body and enhance its capacity. Pranayama regulates our breathing and vital energy.

# शिल्प गुरु चिरंजीलाल व किसान रघुपत सिंह अब पद्मश्री, प्रेमवती ने लिया पति का अवार्ड तो छलके आंसू

मुरादाबाद के पीतल शिल्पकार चिरंजीलाल को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने पद्मश्री से सम्मानित किया। 55 वर्षों से पीतल पर मरोड़ी और कलम की बारीक नक्काशी करने वाले चिरंजीलाल ने आर्थिक तंगी के बावजूद अपनी पुश्तैनी कला नहीं छोड़ी और नई पीढ़ी को भी इसे सिखाया। वहीं, दुर्लभ सब्जियों के बीजों के संरक्षण के लिए दिवंगत किसान रघुपति सिंह को मरणोपरांत पद्मश्री दिया गया, जिसे उनकी पत्नी प्रेमवती ने ग्रहण किया। मुरादाबाद के एक और शिल्प गुरु पद्मश्री बन गए। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शिल्प गुरु चिरंजीलाल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। वहीं 55 से ज्यादा दुर्लभ सब्जियों के बीज सुरक्षित करने वाले किसान रघुपति सिंह के मणोपरांत मिले





पद्मश्री को उनकी पत्नी प्रेमवती ने लिया। अब जिले में पद्मश्री पाने वालों की संख्या दो से बढ़कर चार हो गई है।हस्तशिल्प से जुड़े शहर के दस्तकार दिलशाद हुसैन और बाबूराम यादव को पहले ही पद्मश्री मिल चुका है। मंगलवार को शिल्पकार चिरंजीलाल को पद्मश्री के खिताब से नवाजा गया। वह सोमवार को ही बेटे खुश सिंह और अन्य परिजनों के साथ दिल्ली पहुंच गए थे। चिरंजीलाल ने 21 साल की उम्र से पीतल पर मरोड़ी और कलम का बारीक काम शुरू किया था।उन्हें यह काम करते हुए करीब 55 साल हो गए। मंगलवार को उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। 1980 का दशक चिरंजीलाल क जीवन का संघर्षपूर्ण दौर था। उस समय कला की कद्र कम थी और इस बारीक काम की मजदूरी नाम मात्र की मिलती थी। हालात इतने बदतर हो गए थे कि परिवार का पेट पालने के लिए उन्हें अपने ही हाथों से बनाए गए बेशकीमती और बारीक नक्काशी वाले आइटम औने-पौने दामों पर बेचने पड़े थे।कई बार ऐसा लगा कि इस पुश्तैनी काम को छोड़ दें, लेकिन कला के प्रति उनके जुनून ने उन्हें रुकने नहीं दिया। उन्होंने उस मुफलिसी में भी अपनी छेनी-हथौड़ी का साथ नहीं छोड़ा। चिरंजीलाल की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे उनके गुरु अमर सिंह जी का बहुत बड़ा हाथ है। अमर सिंह को भी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका था। अपने गुरु से मिली पीतल पर मरोड़ी और कलम के बारीक काम की इस नायाब कला को चिरंजीलाल ने सिर्फ अपने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाया।

उनके बेटे खुश सिंह राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। जबकि उनके शिष्य जितेंद्र कुमार को भी स्टेट अवार्ड मिल चुका है। मशीनें शिल्पकार के अहसास को नहीं उकेर सकतीं- मुरादाबाद। आज के दौर में जहां युवा कंप्यूटर और 3-डी डिजाइनिंग की ओर भाग रहे हैं,

वहीं 76 वर्षीय चिरंजीलाल का मानना है कि उच्च कोटि की कला सिर्फ हाथों की मेहनत से ही जन्म लेती है। उनका कहना है कि आज की पीढ़ी शॉर्टकट ढूंढती है, लेकिन पद्मश्री जैसे सर्वोच्च मुकाम तक पहुंचने के लिए तपना पड़ता है। मशीनें कभी उस अहसास को नहीं उकेर सकतीं जो एक शिल्पकार की उंगलियां पीतल पर उकेरती हैं।सब्जी के नए बीज तैयार करने, बीजों का संरक्षण और उन्नत खेती के नए प्रयोग करने के लिए वर्ष 1994 में उत्तर प्रदेश सरकार ने बिलारी ब्लॉक के समाथल गांव निवासी किसान रघुपत सिंह को कृषि पंडित का खिताब दिया था।

इसके बाद में विशेष प्रजाति की लौकी, लोबिया, अरबी, मिर्च समेत विभिन्न सब्जियां उगाने वाले रघुपत सिंह को वर्ष 2016 में वाराणसी सब्जी अनुसंधान केंद्र से गोल्ड मेडल मिलने समेत राष्ट्रीय स्तर के अनेक पुरस्कार मिले। मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित होने वाले समाथल के किसान रघुपत सिंह की पत्नी प्रेमवती को मंगलवार शाम दिल्ली में राष्ट्रपति ने पद्मश्री अवॉर्ड सौंपा गया।

इसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। किसान रघुपत सिंह के बेटे सुरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि उनके दिवंगत पिता रघुपत सिंह को सरकार की ओर से दिया गया पद्मश्री सम्मान शाम को उनकी माता प्रेमवती को सौंपा गया है। इस दौरान वह भी अपनी माता के साथ रहे। एक जुलाई 2025 को रघुपत सिंह अपने गांव समाथल में बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। बीती 25 जनवरी को केंद्र सरकार की ओर से पद्मश्री के लिए मरणोपरांत रघुपत सिंह को भी चुना गया। केंद्र सरकार के बुलावे पर मंगलवार को रघुपत सिंह की पत्नी प्रेमवती और उनका बड़ा बेटा सुरेंद्रपाल दिल्ली पहुंचे। इस संबंध में आयोजित समारोह में अपने पति को मिलने वाला पद्मश्री का सम्मान प्रेमवती को सौंपा गया। प्रेमवती को पदमश्री से सम्मानित किए जाने की खबर मिलने पर समाथल के ग्रामीणों ने खुशी जताई।

## पद्मश्री लेकर गांव पहुंचीं प्रेमवती, समाथल में स्वागत; रघुपति सिंह के सपनों को आगे बढ़ाएगा परिवार



मुरादाबाद के समाथल गांव निवासी दिवंगत किसान रघुपति सिंह को मरणोपरांत मिले पद्मश्री सम्मान को उनकी पत्नी प्रेमवती ने ग्रहण किया।

दिल्ली से सम्मान लेकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बेटे सुरेंद्र पाल सिंह ने पिता के बीज संरक्षण और कृषि अनुसंधान के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।दुर्लभ सब्जियों के बीजों के संरक्षण और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किसान रघुपति सिंह की उपलब्धि पर उनके गांव समाथल में जश्न का माहौल रहा। दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से मिला पद्मश्री सम्मान उनकी पत्नी प्रेमवती ने ग्रहण किया। बृहस्पतिवार को सम्मान लेकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और रघुपति सिंह के कृषि क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान को याद किया। ग्रामीणों ने कहा कि रघुपति सिंह ने खेती को केवल जीविका का साधन नहीं माना बल्कि इसे नवाचार और संरक्षण का माध्यम बनाया।उन्होंने अपने जीवनकाल में 55 से अधिक दुर्लभ सब्जियों के बीजों का संरक्षण किया और पारंपरिक प्रजातियों को बचाने के लिए लगातार प्रयोग किए।

उनके प्रयासों ने उन्हें देशभर में एक अलग पहचान दिलाई।गांव स्थित उनके आवास पर बधाई देने वाले लगातार पहुंच रहे हैं। परिजन और ग्रामीण बाद में गांव के जंगल क्षेत्र में स्थित उस प्रयोगशाला पर भी पहुंचे जहां रघुपति ने वर्षों तक सब्जियों की नई किस्मों और बीज संरक्षण पर काम किया था। परिजनों ने उनकी प्रयोगशाला को उनके सपनों और मेहनत की विरासत बताया। बेटे सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि उनके पिता का मिशन केवल सम्मान पाने तक सीमित नहीं था।

आने वाली पीढ़ियों के लिए पारंपरिक और दुर्लभ फसलों को संरक्षित करना उनका जीवन उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि परिवार अब इस मिशन को आगे बढ़ाएगा और प्रयोगशाला में चल रहे कार्यों को जारी रखेगा, ताकि किसानों को नई जानकारी और संरक्षित बीज उपलब्ध कराए जा सकें। ग्रामीणों का कहना है कि रघुपति सिंह को मिला पद्मश्री सम्मान न केवल समाथल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए गर्व है।

# काशीपुर हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, एक को मौत, दूसरा घायल



मंगलवार देर रात काशीपुर हाईवे पर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसके चलते हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना उत्तराखंड से सटे स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के काशीपुर हाईवे पर मनिहारखेड़ा गांव के पास हुई। हादसे में गांव मानपुर ओझा निवासी 40 वर्षीय रंजीत विश्वास की जान चली गई। इसी गांव के रहने वाले बाबू गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। बाबू और रंजीत अपनी ऑल्टो कार से रुद्रपुर उत्तराखंड जा रहे थे। बाबू कार चला रहे थे और रंजीत उनके साथ वाली सीट पर बैठे थे। गांव मनिहारखेड़ा के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला और रुद्रपुर उत्तराखंड के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान रंजीत ने दम तोड़ दिया। बॉर्डर पर स्थित रुद्र-बिलास चौकी के प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि रंजीत और बाबू देर रात किसी काम से रुद्रपुर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मृतक रंजीत के शव का पंचायतनामा और पोस्टमार्टम रुद्रपुर में किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है और तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेजलोभियों की पिटाई से महिला की मौत, पति सहित तीन पर आरोप



केमरी थाना क्षेत्र में दहेज लोभियों ने महिला की पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। महिला की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। महिला के मायके वालों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतका के कोई बच्चा नहीं है।

तहसील मिलक के ग्राम जगन्नाथपुर निवासी मृतका के भाई मोहम्मद यासीन ने थाना केमरी में तहरीर दी। इसमें कहा कि उसकी बहन अफसाना की शादी 9 वर्ष पूर्व सलीम पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम कुईया के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी और काफी दान दहेज दिया था। लेकिन शादी के एक माह बाद से सलीम अपनी पत्नी अफसाना को कम दहेज लाने का ताना देने लगा था। जब मामला बहुत बढ़ गया इसके बाद अफसाना ने अपने मायके वालों को पूरी बात बताई। इसके बाद कई बार पंचायतें हुईं और सलीम राजीनामा करते हुए अपनी पत्नी को अपने साथ ले गया। अपने घर ले जाने के बाद सलीम एक बार फिर अफसाना के साथ मारपीट करने लगा। तहरीर में कहा गया है कि सलीम के साथ उसके पिता मोहम्मद अली और उसकी मां जाफरीन मिलकर पीटते थे।16 जून 2026 को सलीम ने अफसाना के भाई आरिफ को फोन करके बताया कि अफसाना ने दहेज की मांग पूरी नहीं की तो हमने इसको इतना मारा है कि यह मरने की स्थिति में आ गई है। इसे उठाकर ले जाओ। आरिफ ने घर में बताया तब अफसाना की मां शाह जहां कुईया गांव पहुंच गईं। आरोप है कि अफसाना के ससुर, पति, सास देखकर आग बबूला हो गए। कहा कि अफसाना को जल्दी ले जाओ वरना आपका भी बुरा हाल करेंगे। इसके बाद शाहजहां अफसाना को अपने घर ले आईं और उसका इलाज कराने लगे। 21 जून को अफसाना की हालत अंदरूनी चोटों के कारण बिगड़ने लगी। इसके बाद अफसाना के परिजनों ने उसे सीएचसी मिलक में भर्ती कराया लेकिन, चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, रास्ते में अफसाना की मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर 22 जून को पोस्टमार्टम कराया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अफसाना के भाई मोहम्मद यासीन ने बताया कि अफसाना को उसके मायके ग्राम जगन्नाथपुर में सोमवार की दोपहर सुपुर्देखाक कर दिया है। मृतका के भाई मोहम्मद यासीन की ओर से तहरीर मिल गई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। - हिमांशु चौहान, थाना प्रभारी केमरी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप



बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। उत्तराखंड बार्डर स्थित गांव दिबदिबा की सेठी कॉलोनी निवासी अरविंद सैनी(22) पुत्र सुरेश सैनी मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार सोमवार की देर शाम गांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर वह बेहोशी की अवस्था में पड़ा था। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। इस दौरान परिजन ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। साथ ही पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : कोचिंग व लाइब्रेरी संचालकों को तीन दिन में सुरक्षा मानक पूरे करने के निर्देश



राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुए अग्निकांड के बाद प्रशासन ने क्षेत्र के कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में कोतवाली परिसर में कोचिंग एवं लाइब्रेरी संचालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशीष प्रताप सिंह ने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में सीओ ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संचालकों को तीन दिन के भीतर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि मानकों का पालन न करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया जा सकता है।सीओ ने बताया कि प्रत्येक कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी में आपातकालीन स्थिति के लिए अलग निकास द्वार (एग्जिट डोर) होना आवश्यक है। इसके अलावा संकरे रास्तों और गलियारों को चौड़ा किया जाए ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। उन्होंने गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर के सुरक्षित उपयोग पर भी जोर दिया। कहा कि एसी को अत्यधिक कम तापमान पर लगातार चलाने से तकनीकी खराबी और आग लगने की आशंका बढ़ सकती है। सभी संस्थानों में अग्निशमन यंत्र, पानी तथा रेत की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा परिसर में प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम करने और विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराने के लिए भी कहा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित संस्थान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## न्यूरिया थाना परिसर में श्रद्धापूर्वक हुआ सुंदरकांड पाठ

क्यूँ न लिखूँ सच / बब्लू / न्यूरिया। थाना परिसर स्थित मंदिर में मंगलवार शाम श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में थाना पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की आराधना की।

सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के समापन पर विधिवत आरती की गई, जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर थाना स्टाफ के अलावा पीलीभीत से आए श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ में पंडित रोहित पाण्डेय, पुजारी अनूप कुमार, मुकेश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, राकेश कुमार, मुन्ना देवल, ओमप्रकाश शर्मा महेश शर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और उपस्थित श्रद्धालुओं ने धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मचारियों का सामूहिक कार्य बहिष्कार





क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली।शहर में सफाईकर्मियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वेतन कटौती से आहत कर्मचारी द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को चूड़ियां भेंट करने के मामले में एफआईआर दर्ज होने से आक्रोशित सफाईकर्मी बुधवार को सड़कों पर उतर आ गए। सफाई का बहिष्कार कर दिया। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों से पूरे शहर में कूड़ा फैला दिया। एफआईआर रद्द न होने और वेतन मुद्दे का समाधान न होने तक कार्यबहिष्कार ऐलान किया है। सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार और शहर में कूड़ा फैलाने ने निगम में हलचल मचा दी। आमजन भी दंग रह गए। शहर की सड़कों पर गंदगी ने निगम के साथ आम शहरियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार वाल्मीकि के नेतृत्व में बुधवार को आउटसोर्स कर्मचारियों ने उग्र प्रदर्शन की राह चुनी। शहर के वार्डों में कामकाज ठप कर दिया। बाकरगंज से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां लेकर शहर में पहुंचे। चौपला, सैटेलाइट, कटरा चांद खान, बदायूं रोड, शहामतगंज आदि इलाकों में बीच सड़क पर कूड़ा फैलाया। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार वाल्मीकि ने कहा कि उनकी मांग है कि शासनादेश के आधार पर वेतन दिया जाए। इस संबंध में कई बार नगरायुक्त को ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि निगम ठेकेदारों की गोद में बैठ गया है। हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं है। अब सफाईकर्मियों पर एफआईआर दर्ज की गई है। हमारी तरफ से भी तहरीर दी गई है, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं हुई। हमारी यही मांग है कि हमारी एफआईआर दर्ज की जाए और वेतन का मुद्दा सुलझाया जाएगा। जब तक ये नहीं होगा शहर में सफाई का काम ठप रहेगा।

अधिकारी पर चूड़ियां फेंकने पर एफआईआर- नगर निगम में वेतन कटौती से नाराज एक सफाईकर्मी नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पास शिकायत लेकर पहुंचा। आरोप है कि उसने अधिकारी पर चूड़ियां फेंकी और अभद्रता की। ये मामला काफी तूल पकड़ गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की तहरीर पर सफाईकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार समेत 6 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इसके विरोध में सफाईकर्मियों ने भी थाने में तहरीर दी। इस तरह निगम और आउटसोर्स सफाईकर्मी में टकराव बढ़ता जा रहा है। बुधवार के दृश्य ने निगम की बेचैनी बढ़ा दी है।

## रिंग रोड के दोनों तरफ बनेगी 17 किमी लंबी सर्विस लेन, आठ स्थानों पर बनाए जाएंगे यात्री शेड



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा /बरेली। बरेली-मथुरा हाईवे का 27 और रिंग रोड का 16 फीसदी काम पूरा हो चुका है। 29.920 किलोमीटर के रिंग रोड के दोनों ओर 17 किलोमीटर की सर्विसलेन का काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा आठ स्थानों पर बस यात्रियों के लिए यात्री शेड भी बनाए जाएंगे। बरेली होकर गुजरने वाली सभी नेशनल और स्टेट हाईवे रिंग रोड में कनेक्ट होने के बाद शहर में भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। अभी बदायूं, मथुरा, आगरा की ओर जाने-आने वाले वालों को शहर में आना पड़ता है। रिंग रोड बनने के बाद यह बाहर से ही गुजर जाएंगे।बरेली-मथुरा हाईवे का बदायूं-बरेली के बीच निर्माण एनएचएआई की बदायूं डिवीजन करा रही है। रामगंगा तिराहा तक का हिस्सा बदायूं के अधीन है। इसके आगे का काम बरेली डिविजन को कराना है।यहां बनेंगे आरओबी बदायूं के परियोजना निदेशक उत्कर्ष शुक्ला ने बताया कि रामगंगा तिराहा के पास फ्लाईओवर और रेल लाइनों पर आरओबी का काम बरेली डिवीजन को कराना है। रामगंगा के पास बनने वाले फ्लाईओवर से लाल फाटक, सुभाषनगर रोड और बरेली-मथुरा हाईवे कनेक्ट होंगे। धंतिया और इन्वर्टिस के पास भी आरओबी का निर्माण होना है।एनएचएआई के अधिशासी अभियंता अश्वनी चौहान ने बताया कि रिंग रोड परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। चार स्थानों पर आरओबी निर्माण भी शुरू हो गया है। इंटरचेंज और यात्री शेड के स्थान भी चिह्नित कर लिए गए हैं। सर्विसलेन के लिए मिट्टी संबंधी कार्य मानसून सक्रिय होने से पहले कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार





क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद (डिलारी ): जिला मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव पीलकपुर श्योराम में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया, जबकि गांव में भी दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, थाना डिलारी क्षेत्र के गांव पीलकपुर श्योराम निवासी अमीन अहमद पुत्र कल्लू खां बीती रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ दिया। चोर अलमारी में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित अमीन अहमद ने बताया कि रात करीब 3 बजे जब वह पेशाब के लिए उठे तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखी नकदी व बेग में रखे जेवरात गायब हैं। इसके बाद उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को घटना की जानकारी दी, जिससे घर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित ने थाना डिलारी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं गांव में हुई इस चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है थाना डिलारी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## सीवर में उतरा नगर निगम का रोबोट सफाई देख मेयर और नगर आयुक्त भी। हुए हैरान



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर की सीवर सफाई व्यवस्था अब हाईटेक होने जा रही है। नगर निगम ने मैन्युअल सफाई के बजाय अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक अपनाते हुए तीन सीवर सफाई रोबोट मशीनें खरीदी हैं। बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में इन मशीनों का ट्रायल किया गया, जहां रोबोट ने सीवर के अंदर उतरकर सफाई शुरू की तो मौके पर मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी हैरान रह गए। मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने इन रोबोटिक मशीनों का शुभारंभ किया। ट्रायल के दौरान रोबोट ने सीवर के भीतर जमा सिल्ट, प्लास्टिक और अन्य कचरे को आसानी से बाहर निकालकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों की सुरक्षा-अब नहीं उतारने पड़ेंगे कर्मचारी नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन मशीनों के उपयोग से सीवर सफाई के दौरान कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर मैनहोल के अंदर नहीं उतरना पड़ेगा। इससे दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी और सफाई कार्य अधिक सुरक्षित व प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

मेयर बोले- सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि यह तकनीक शहर की सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाएगी। वहीं नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सफाई कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करना है।

## केंद्रीय कारागार से फरार कैदी की तलाश हुई तेज, एसएसपी ने रखा 25 हजार का इनाम



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। केंद्रीय कारागार बरेली के कृषि फार्म से फरार हुए सिद्धदोष बंदी दिनेश पुत्र अरविंद निवासी नन्हेड़ा राजपूत, थाना डिडौली जनपद अमरोहा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने फरार बंदी की सूचना देने या गिरफ्तार कराने में मदद करने वाले के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

22 जून 2026 को सुबह करीब 8 बजे केंद्रीय कारागार बरेली के कृषि फार्म में 45 अन्य बंदियों के साथ दिनेश को पुलिस अभिरक्षा में कृषि कार्य के लिए भेजा गया था। इसी दौरान दोपहर करीब 12~30 बजे वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया।

फरार बंदी दिनेश पॉक्सो एक्ट के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। मामले में थाना इज्जतनगर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया है और लगातार तलाश व दबिश की कार्रवाई जारी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि फरार बंदी के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

## राम मंदिर चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोपों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।इस दौरान महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। चढ़ावे से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन करेगी।पूर्व शिक्षक खंड एमएलसी प्रत्याशी डॉ. मेहंदी हसन ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए पूरे मामले की जांच जरूरी है। वहीं महानगर उपाध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि राम मंदिर से जुड़े किसी भी मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए।कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने ज्ञापन का वाचन करते हुए न्यायिक अथवा उच्चस्तरीय जांच की मांग रखी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।इस अवसर पर पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जुनेद हसन एडवोकेट, प्रवीण मिश्रा, जीशान अफरीदी, मनोज सर घोष, मनोज शर्मा, एडवोकेट मोबिन अंसारी, मो. शाहिद खान, पूनम दीप सिंह एडवोकेट, हाजी जुबेर, जोया खान, गोरंग घोष, तीरथ मधुकर, शाकिर सक्लेनी, देवेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राममूर्ति लाल, उल्फत सिंह कठेरिया, कमरुद्दीन सेफी, इमरान मियां और जितेंद्र बाबू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### नेता की कोचिंग पर BDA का बड़ा एक्शन , ओमेगा क्लासेस सील




क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। लखनऊ अग्निकांड के बाद बरेली में कोचिंग सेंटरों और होटलों की सुरक्षा जांच तेज हो गई है। बीडीए और फायर विभाग की संयुक्त टीम ने राजेंद्र नगर स्थित ओमेगा क्लासेस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। जांच में सामने आया कि कोचिंग के पास न बीडीए की अनुमति थी और न ही फायर एनओसी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि एक ही कमरे में करीब 150 छात्रों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी को गंभीर मानते हुए कार्रवाई की। बीडीए ने नियमों के खिलाफ चल रहे अन्य कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक गतिविधियों वाले भवनों को भी चिन्हित करना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में शहर में अभियान और तेज होने की संभावना है।

### दो दिन बाद दूल्हे ने ट्रेन से कटकर दी जान, घटना से दुल्हन सदमे में



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा /बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र में शादी के दो दिन बाद ही युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस को बुधवार दोपहर करीब एक बजे खड़ौआ व पस्तोर रेलवे क्रासिंग के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली। यह शव पोल संख्या 1317/11 के पास अपलाइन पर मिला था। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को रेलवे forÅpñ· से हटाया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। मृतक की पहचान जौहरपुर गांव निवासी रामजी शर्मा (26) पुत्र हरीश शर्मा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रामजी की बारात 19 जून को शाहजहांपुर गई थी। 21 जून को विदा होकर बरात वापस लौटी थी। बृहस्पतिवार को पत्नी के मायके वाले पहली विदा कराने आने वाले थे।

### भाई ही निकला भाई का कातिल ! फरीदपुर पुलिस ने हत्या आरोपी को ईंट समेत दबोचा

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना फरीदपुर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त फैजान उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने ही सगे भाई सारिफ की हत्या की थी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सीमेंट की ईंट भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक 19 जून 2026 को थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला शान्तीनगर निवासी नसरीन की तहरीर पर मुकदमा संख्या 464/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत फैजान उर्फ विक्की के खिलाफ अपने भाई सारिफ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर 24 जून 2026 को थाना फरीदपुर पुलिस ने आरोपी फैजान उर्फ विक्की को मोहल्ला फर्रखपुर स्थित घटनास्थल वाले मकान से दबिश देकर गिरफ्तार किया। पूछताछ और विवेचना में सामने आया कि घटना में अमन पुत्र इकबाल और जीशान पुत्र लल्लन शाह की भी भूमिका प्रकाश में आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि विवाद के बाद उसने अपने परिचितों को बुलाया और ईंट से हमला किया, जिसमें उसके भाई सारिफ की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने वारदात में इस्तेमाल ईंट को फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी फैजान उर्फ विक्की को न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में प्रकाश में आए अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है

## खेत बचाओ अभियान: किसानों को दिया गया सुरक्षित कीटनाशक उपयोग का प्रशिक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। किसानों को आधुनिक एवं सुरक्षित कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, मुरैना द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के समन्वय से ग्राम झुण्ड में खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सह निदेशक डॉ. सुनीत कुमार कटियार के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह बादल ने किसानों को फसलों में लगने वाले विभिन्न कीटों एवं रोगों की पहचान, उनके एकीकृत प्रबंधन तथा वैज्ञानिक नियंत्रण उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण कीटनाशक उपयोग की विधियां समझाते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।इस अवसर पर डॉ. सुरुचि सोनी ने किसानों को फसलों में पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग, पोषण प्रबंधन एवं फसल रखरखाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाकर किसान फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम झुण्ड एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। किसानों ने कीट एवं रोग प्रबंधन, सुरक्षित कीटनाशक उपयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम की सराहना की। विशेषज्ञों ने किसानों से वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप कृषि कार्य करने एवं अनावश्यक रासायनिक उपयोग से बचने का आह्वान किया।

## अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर बैराड़ में 6 कोचिंग सेंटर और 2 हॉस्टल सील




क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बैराड़ तहसील में 6 कोचिंग सेंटर और 2 हॉस्टलों को सील कर दिया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री जे.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसीलदार श्री द्रगपाल सिंह बैश के नेतृत्व में गठित संयुक्त दल ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं और मानकों का अभाव पाया गया, जिसके बाद तत्काल सीलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई की जद में आए संस्थानों में ग्लोबल स्टेनो इंस्टीट्यूट, विनायक स्टेनो क्लास, दीपेश झा सर कोचिंग सेंटर, रवि धाकड़ सर कोचिंग क्लासेस, विजय भारद्वाज कोचिंग सेंटर और सिद्धार्थ इंग्लिश पॉइंट शामिल हैं। इसके अलावा रेडियंट स्कूल कालामढ़ में संचालित हॉस्टल तथा विद्या बिहार हॉस्टल को भी अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण सील किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेश चंद्र जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अवधेश सिंह तोमर सहित नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। संबंधित संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं एवं निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के बाद ही आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## योगेश सिंघल ने संभाला प्रभारी श्रम पदाधिकारी का कार्यभार, श्रमिक हितों पर रहेगा विशेष फोकस

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी, 24 जून। मध्य प्रदेश श्रम विभाग, भोपाल के आदेशानुसार श्री योगेश सिंघल ने बुधवार को जिला शिवपुरी में प्रभारी श्रम पदाधिकारी के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा से सौजन्य भेंट कर जिले में श्रम विभाग की गतिविधियों एवं योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबल 2.0 योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए तथा श्रम कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। प्रभारी श्रम पदाधिकारी श्री योगेश सिंघल ने विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन एवं श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। गौरतलब है कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## नकली कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक पकड़ा गया, अधिकारियों ने मौके पर ट्रक को पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। कोल्ड ड्रिंक पीने वाले सावधान हो जावे क्यों कि अब नकली कोल्ड ड्रिंक बाजार में बिक रही है आज नगर के मोहल्ला जवाहर नगर कंजड़ बाबा तिराहा के पास अग्रवाल एजेंसी है जिस पर एक ट्रक यूपी 82 टी 5354 नम्बर है जिस पर नकली कोल्ड ड्रिंक की बोतले भरी हुई थी और यह माल अग्रवाल एजेंसी पर उतर रहा रहा और यह माल आधा उतर गया था किसी ने इस नकली कोल्ड ड्रिंक की शिकायत पेप्सी एजेंसी पर कर दी जिस पर पेप्सी के सेल्स मैनेजर ओर कंपनी से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुँच गया और उन्होंने इस संबंध में पुलिस को सूचना देदी मौके पर भारी पुलिस बल आ गया और ट्रक से उतर रहे माल को अंदर जाने से रोक दिया और नकली कोल्ड ड्रिंक मिले है और ट्रक को गल्ला मंडी की चौकी परिसर में खड़ा करवा दिया है सूत्रों की माने तो यह नकली कोल्ड ड्रिंक का गोरखधंधा का काफी समय से चल रहा था अब अब अधिकारियों ने भी इस कोल्ड ड्रिंक की जांच करवाई तो यह नकली पाई गई सूत्रों ने बताया है यह एजेंसी पर इस तरह का कार्य काफी सालों से चल रहा है अब लोगों को क्या पता कि यह कोल्ड ड्रिंक असली या नकली लोग तो पी लेते है फिलहाल लोगो के स्वास्थ्य के साथ इस तरह का खेल क्यों खेला जा रहा है क्या स्थानीय अधिकारियों की नजर इस नकली कोल्ड ड्रिंक बेचने वाले एजेंसी पर क्यों नहीं पड़ी फिलहाल स्थानीय पुलिस को इस मामले को लेकर कड़ी कार्यवाही करना होगा ।





### अग्निकांड रोकने को DIG अजय कुमार साहनी का बड़ा एक्शन

## DIG ने दिए स्कूल-कॉलेज से अस्पताल तक जांच के आदेश



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बरेली अजय कुमार साहनी ने हाल में हुई अग्निकांड की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के पुलिस अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था जांचने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के तहत कोचिंग सेंटर, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, होटल, मॉल, रेस्टोरेंट, बारातघर, बहुमंजिला भवन और अन्य भीड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कराया जाएगा। इस दौरान फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास, विद्युत व्यवस्था, गैस सिलेंडर व अन्य सुरक्षा इंतजामों की जांच होगी। DIG ने संबंधित विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर कमियों को दूर कराने, सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रों में सुरक्षा बैठक कर लोगों को जागरूक करेंगे और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां मजबूत करेंगे।

## बीएसएनएल की भारतनेट एवं फाइबर योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में ला रहीं डिजिटल क्रांति



क्यूँ न लिखूँ सच / सहायक महाप्रबंधक बीएसएनएल दूरसंचार बदायूं मयंक रस्तोगी ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतनेट परियोजना, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बीएसएनएल की नई फाइबर योजनाओं तथा युवाओं एवं उद्यमियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का संकल्प हर घर फाइबर, हर गांव डिजिटल, बीएसएनएल का संदेश बीएसएनएल के साथ जुड़ें, डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। बीएसएनएल कार्यालय के अपने कक्ष में मीडिया से वार्ता करते हुए सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि बीएसएनएल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में हाल ही में मात्र 259 रुपये प्रतिमाह का नया रूरल एंट्री फाइबर प्लान प्रारंभ किया गया है, जिसमें 25 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग तथा प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य आकर्षक फाइबर ब्रॉडबैंड योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का उद्देश्य केवल इंटरनेट उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। इसी लक्ष्य के साथ "हर घर फाइबर, हर गांव डिजिटल" अभियान को गति प्रदान की जा रही है, ताकि प्रत्येक गांव और परिवार तक गुणवत्तापूर्ण ब्रॉडबैंड सेवाएं पहुंच सकें। इस दौरान भारतनेट उद्यमी योजना की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय युवा, उद्यमी, केबल ऑपरेटर एवं इच्छुक व्यक्ति बीएसएनएल के साथ जुड़कर अपने क्षेत्र में एफटीटीएच सेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं। सामान्यत: एक से दो लाख रुपये के निवेश से इस योजना में कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। अधिकाधिक ग्राहकों को जोड़कर उद्यमी 50 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये प्रतिमाह तक आय अर्जित कर सकते हैं। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है।उन्होंने युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय व्यवसायियों एवं इच्छुक नागरिकों से भारतनेट उद्यमी योजना का लाभ उठाने तथा डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### भीड़ में बिछड़ी 5 साल की मासूम

## अलीगंज पुलिस ने चंद घंटों में परिवार से मिलाया – परिजनों ने पुलिस की तत्परता को सराहा




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना अलीगंज क्षेत्र के गैनी चौराहे पर बुधवार को निकाले जा रहे अलम के जुलूस के दौरान भारी भीड़ के बीच एक करीब 5 वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई। बच्ची के गुम होने की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात थाना अलीगंज पुलिस टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल खोजबीन शुरू कर दी।पुलिस टीम ने अथक प्रयासों के बाद बच्ची को सकुशल संरक्षण में लिया। पूछताछ के दौरान बच्ची की पहचान अलीना (उम्र करीब 5 वर्ष ), पुत्री शानू खाँ, पौत्री एजाज खाँ, निवासी ग्राम अलीगंज, थाना अलीगंज, जनपद बरेली के रूप में हुई। थाना अलीगंज पुलिस ने बिना देरी किए परिजनों से संपर्क स्थापित किया और बच्ची को उसकी दादी श्रीमती नूरी पत्नी एजाज खाँ एवं अन्य परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

चौकी गैनी में प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में महिला कांस्टेबल 3093 पूजा रानी एवं महिला कांस्टेबल 1021 चंचल यादव द्वारा बच्ची को सकुशल परिवार के हवाले किया गया। मासूम को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई। परिजनों ने अलीगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यशैली की जमकर सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव ने अपनी देखरेख में ताजिया रूट मार्ग को ठीक करवाया





क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। नगर पालिका परिषद की तेज तर्रार अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव ने आज मुस्लिम पर्व मुहर्रम ताजिया को लेकर काफी सख्त है उन्होंने अपनी पालिका की टीम को साथ लेकर मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस रूट मार्ग को देखा और उन्होंने तहसील तिराहा स्टेट बैंक तिराहा लवली चौराहा नई बस्ती मुख्य मार्ग बाजार तकिया खुर्रम शाह पालिका कार्यालय के बगल में सागर चौकी तिराहा चंद्रकुआं चौराहा स्टेट बैंक तिराहा जय प्रकाश नगर भगत सिंह नगर आजाद नगर आराजी लेन बजरिया पावर हाउस तिराहा आदि ताजिया रूट मार्ग को अपनी देखरेख में जहां जहां गड्डे थे या रोड जर्जर या खराब था उनको बालू सीमेंट से भरवाने का कार्य किया साथ ही सड़क खराब थी उसे भी ठीक कराया ताकि ताजिया जुलूस में कोई दिक्कत न हो इस संबंध में नगर पालिका परिषद कोंच की तेजतर्रार अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव ने कहा कि मोहर्रम पर नगर पालिका की अच्छी व्यवस्था रहेगी साथ ही नगर में साफ सफाई के साथ साथ रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी नगर में आवारा जानवर पर अंकुश रहेगा साथ ही नगर में निकलने वाले ताजिया जुलूस में पालिका कर्मी साथ बराबर रहेंगे इस अवसर पर निर्माण लिपिक जीवन लाल पवन गौतम मिठाई लाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण अभियान 6.0 एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



क्यूँ न लिखूँ सच / मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राज्य पोषण मिशन, शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक तथा पशुपालन विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि जुलाई 2026 से सितंबर 2026 तक सम्पूर्ण अभियान 6.0 संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत गर्भावस्था से लेकर बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही धात्री माताओं एवं बालक-बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों के कायाकल्प एवं शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान वर्षा एवं बाढ़ की संभावित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए गोवंशों की सुरक्षा, संरक्षण एवं चारा-पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उपयुक्त स्वत: रोजगार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# न्यायालय जे एम कोर्ट ने एक अभियुक्त को दोषी पाया अर्थ दंड भी लगाया

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार / कोंच(जालौन)। ऑपरेशन कनिवक्शन के अंतर्गत मानीटरिंग सेल जालौन और कोतवाली पुलिस द्वारा सशक्त व प्रभावी पैरवी के फल स्वरूप अभियुक्त जाकिर पुत्र मुन्ना निवासी आराजी लेन कस्बा कोंच थाना कोंच जालौन द्वारा 17 अदद गोवंश काटने के लिये बूचड़ खाने ले जाने तथा गोवंश के साथ निर्दयता का व्यवहार करने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली कोंच पर मुकदमा अपराध संख्या 354/ 2004 धारा 3/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/ 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में पंजीकृत अभियोग में उपरोक्त अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि एवं 5050 रुपए से दंडित किया गया है पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में मानिटरिंग सेल जनपद जालौन एवं कोतवाली कोंच की सशक्त और प्रभावी पैरवी से न्यायालय जे एम कोर्ट कोंच ने दोषी पाया और अर्थ दंड भी लगाया इस कार्य में एपीओ नंदिनी गुप्ता मानिटरिंग सेल के प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी कोर्ट मुहर्रिर हेड कांस्टेबिल अमित कुमार कोर्ट पैरोकार अनमोल आदि की प्रयास सफल रहा है ।

# लखनऊ में अग्नि कांड की घटना बहुत ही दुखद पं हरिओम उपाध्याय

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार / कोंच(जालौन)। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री/ पूर्व विधायक पं हरिओम उपाध्याय ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुरनिया इलाके में बनी कोचिंग सेंटर में लगी आग से वहां कोचिंग सेंटर में रह रहे कई बच्चों की मृत्यु हो गई पूर्व मंत्री पं हरिओम उपाध्याय ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है उन्होंने कहा यह घटना बहुत ही दुखद है मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ है समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधान सभा अध्यक्ष माधोगढ़ प्रतिपाल सिंह गुर्जर बद्दू ने कहा लखनऊ में हुई यह दुखद घटना हृदय विदारक है उन्होंने कहा कि मेरी शोक संवेदनाएं मृत बच्चे के परिवार के प्रति है उन्होंने इस घटना में शामिल घायलो के अच्छा इलाज मिले यही कामना करता हु यह बेहद दुखद घटना है सरकार को इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराना चाहिए और जो दोषी है उन पर कार्यवाही करना चाहिए

# आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 02 परिवारो में सुलह कराते हुए परिवारो को टूटने से बचाया



क्यूँ न लिखूँ सच / भूपेन्द्र तिवारी / आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।




# अवैध कोचिंग संस्थानों पर प्रशासन का शिकंजा, मानकों के विपरीत संचालित एक दर्जन से अधिक संस्थान सीज



क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा / संयुक्त टीमों की कार्रवाई का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा, लगातार चलेगा विशेष अभियान जनपद में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं कोचिंग संस्थानों में निर्धारित मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में गठित संयुक्त जांच टीमों ने उरई नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कोचिंग संस्थानों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उरई के एक दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थानों को सीज कर दिया गया।

अभियान के दौरान इनफिनिटी विजन, भदौरिया क्लासेज, लक्ष्य कोचिंग, सिग्मा एकेडमी सहित कई अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जांच में अनेक संस्थान बिना आवश्यक अनुमति संचालित पाए गए, जबकि कई स्थानों पर अग्निशमन सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं मिले। कुछ संस्थानों में आपातकालीन निकास, भवन सुरक्षा एवं अन्य अनिवार्य मानकों का भी अभाव पाया गया, जिस पर संयुक्त टीमों द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया। संयुक्त टीमों द्वारा की जा रही कार्रवाई की निगरानी के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोचिंग संस्थानों एवं अस्पतालों की जांच के लिए पांच संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जिनमें विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं। अभियान के तहत उन संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जा रहा है जो बिना वैधानिक अनुमति संचालित हैं, बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं अथवा जहां अग्नि सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में लगभग 60 कोचिंग संस्थान पंजीकृत हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक एक दर्जन से अधिक संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या में कमियां पाई गई हैं। ऐसे संस्थानों के विरुद्ध सीजिंग सहित अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों का चयन करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में संचालित सभी शिक्षण संस्थानों को सुरक्षा संबंधी मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान लगातार जनपद भर में जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित एवं मानक अनुरूप शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है, ताकि शिक्षा संस्थानों में सुरक्षा और गुणवत्ता दोनों को प्रभावी ढंग से स्थापित किया जा सके।

# विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक



क्यूँ न लिखूँ सच / भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया

# कछला गंगा घाट पर आस्था का महासैलाब लाखों श्रद्धालुओं नें लगाई डुबकी



क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूं जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा द्वारा गंगा दशहरा ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व के पर थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत कछला बॉर्डर एवं कछला गंगा घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग हेतु चिन्हित किये गये स्थानों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई । निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गंगा घाट पर महिला श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखी जाये व श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, सुरक्षित आवागमन, पार्किंग/यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। गंगा दशहरा/ज्येष्ठ दशमी गंगा स्नान पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्री मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी श्री सुनील कुमार सिंह, क्षेत्रधिकारी यातायात श्री सुनील अहलावत व अन्य अधि0गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच / भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।



# भतीजे के साथ संबंध बनाती थी चाची, करती थी ये काम, ढाई माह की गर्भवती निकली वो; पुलिस ने इसलिए भेजा जेल

यूपी के अलीगढ़ से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर नाबालिग भतीजे से संबंध बनाने का आरोप है। उसने ढाई साल से अनैतिक संबंध बना रखे थे। आरोप है कि वो नाबालिग को ब्लैकमेल करती थी। वो ढाई माह की गर्भवती निकली है। अलीगढ़ के इगलास इलाके के एक गांव निवासी रिश्ते की चाची को किशोर से अनैतिक संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार महिला ने बताया है कि वह ढाई महीने की गर्भवती है। कोतवाली में किशोर की मां ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके 17 वर्षीय बेटे को चाची ने अपने मोहपाश में फंसाकर उसके साथ अनैतिक संबंध बना लिए हैं। कोतवाल दिनेश सिसोदिया ने बताया कि पिछले ढाई साल से रिश्ते की चाची अनैतिक संबंध बनाकर किशोर को ब्लेकमैल कर रही थी। घटना के संबंध में किशोर की मां के प्रार्थना पत्र पर चाची के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी महिला को कोर्ट ने 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया है। कोतवाल ने बताया कि मंगलवार को किशोर को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था, जो नहीं हो सका है। बुधवार को पुन: जिला चिकित्सालय भेजकर डॉक्टरी मुआयना कराया जाएगा। सीओ कमलेश कुमार ने बताया कि जेल जाने से पूर्व आरोपी महिला ने अपने आप को ढाई माह की गर्भवती होना बताया है।चाची की गिरफ्तारी होने के बाद यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां तक बताया जा रहा है कि किशोर अपने भाई के साथ काम सीखने के लिए पलवल स्थित फैक्टरी जा रहा था, लेकिन चाची ने उसको दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने और जेल भेजने की धमकी देकर भाई के साथ नहीं जाने दिया।




# प्रेम विवाह की रंजिश में खूनी खेल: अकड़ दिखाते हुए ससुराल में जा घुसा युवक, एक गलती ने छीन ली सांसें

ससुर समेत दो पर मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद युवक अकड़ में ससुराल में घुस गया था। सात पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।लगभग दो साल पहले प्रेम विवाह के कारण हुई रंजिश में मंगलवार शाम युवक की पिटाई कर दी गई। प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद आया युवक अकड़ दिखाते हुए ससुराल में जा घुसा। यहां ससुरालीजनों ने उसकी पिटाई कर दी। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की मां की शिकायत पर सास ससुर समेत सात लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। बदरुद्दीनपुर निवासी विवेक कुशवाहा (32) ऑटो चलाता था। वर्ष 2024 में वह गांव के सामने रहने वाले राम गोपाल की बेटी पूनम को लेकर चला गया था। राम गोपाल की शिकायत पर विवेक के खिलाफ युवती को ले जाने की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जनवरी 2025 में पुलिस ने दोनों को खोज लिया था। न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर पूनम, विवेक के साथ पत्नी के रूप में रहने लगी थी। विवेक और राम गोपाल का मकान गांव में आमने सामने है।विवेक राम गोपाल के घर में घुस गया था पूनम से प्रेम विवाह करने को लेकर राम गोपाल व परिजन विवेक से रंजिश रखते थे। इसी रंजिश में मंगलवार देर शाम रामगोपाल ने अपने भाई श्यामा कुमार के साथ मिलकर विवेक की पिटाई करदी थी। पुलिस ने इसकी प्राथमिकी दर्ज की थी।

# This superhit song from Delhi-6 is a famous folk song from Chhattisgarh, still a part of people's wedding playlists.

A song from Rakeysh Omprakash Mehra's 2009 film, "Delhi-6," is still a favorite at weddings. This song is "Sasural Genda Phool." But did you know that this song, composed by A.R. Rahman and sung by Rekha Bhardwaj, is not from Bollywood? Yes, in fact, "Sasural Genda Phool," a beautiful folk song from Chhattisgarh, known for its distinctive style, has been a staple of weddings for years. From theaters to cinema halls—though this song has been a part of Chhattisgarh's traditional folk tunes, it gained recognition in the 1970s. Originally written by Gangaram Shivare and composed by Bhulwaram Yadav, the song was composed by the same name. Bhulwaram later taught the song to the Joshi Sisters (Rama, Rekha, and Prabha Joshi), who began singing it on public stages and radio, and it became a household name. It was also performed at Padma Shri Habib Tanvir's theatre, Naya Theatre, who often incorporated Chhattisgarhi folk songs in his plays. Later, when the film Delhi-6 was being made, actor and singer Raghuveer Yadav presented the song to A.R. Rahman, and Prasoon Joshi modified the lyrics. This is how we got the famous Bollywood song "Sasural Genda Phool." Why is the Dadriya style special? "Sasural Genda Phool" is sung in the Dadriya style. Dadriya is considered the king of Chhattisgarhi folk songs. It is sung in a dialogue-like manner, in which the male and female protagonists taunt or express love through the song. The Dadriya style's greatest strength is its short, couplet-like lyrics, which resonate with people. It is the first choice in weddings - In the song Sasural Genda Phool, a woman is describing her experiences in her new home i.e. in-laws' house and the relationships there. Its Chhattisgarhi lyrics are - Saas gaari deve, nanad muhaan leve, devar babu mor... while its Bollywood version is - Saas gaari deve, devar ji samjha leve... Through this song, the woman is describing the sweet and sour banter that comes in the new house and the balance of human relationships in a very beautiful and light-hearted manner. That is why this song is very much liked in weddings.



# The real joy of summer: Make 'Mango Shrikhand' at home with mango and yogurt, and you'll forget the taste of ice cream.

Made from ripe mangoes and thick yogurt, Shrikhand tastes absolutely amazing. It's easy to make at home. It's wonderful to have something cool and sweet after returning home from the scorching heat and humidity. Amrakhand, or Mango Shrikhand, is a popular summer treat in Maharashtra and Gujarat. Its cool and sweet flavor is perfect for every occasion. If you're also looking to savor this special dish this summer, learn the easy recipe for this delicious dish made with yogurt and ripe mangoes. Ingredients for the Go Shrikhand Recipe: Fresh yogurt - 1 kilogram Ripe mango pulp - 1 to 1.5 cups Powdered sugar or powder - 1/2 cup Green cardamom powder - 1/2 teaspoon Saffron threads - 10-12 chopped pistachios, almonds, and cashews - 2 tablespoons Mango Shrikhand Recipe Method: 1. To make the Shrikhand thick, it's important to drain all the water from the yogurt. First, place a sieve over a pot and drape a cotton cloth over it. Pour the yogurt onto the cloth and form a bundle by holding the four corners. 2. Squeeze the bundle lightly to drain the water. Now, hang the bundle from a high place for 4 to 5 hours, or place a heavy weight on top of the sieve to slowly drain all the water from the yogurt. This will result in a thick curd like cottage cheese. 3. Peel ripe and sweet mangoes and cut them into small pieces. Grind them smoothly in a mixer jar without adding any water or milk, ensuring there are no lumps or fibers. 4. Then, soak saffron strands in a teaspoon of lukewarm milk so that the saffron releases its vibrant color and aroma. 5. Pour the prepared thick yogurt into a large bowl. Add powdered sugar and whisk with a whisk or spoon for 2-3 minutes until the sugar dissolves completely and the yogurt becomes creamy. 6. Then, add the prepared mango pulp, saffron milk, and cardamom powder and mix all the ingredients gently until the mango and yogurt are combined. 7. Your delicious Mango Shrikhand is ready. Let it cool in the refrigerator for 2 hours. Then, transfer it to a beautiful glass bowl or earthenware pot. Garnish with chopped almonds, pistachios and saffron strands and serve.



# The wedding is yours, the choice is social media's. This is how our wedding culture is changing.

Social media has now overshadowed tradition. We're talking about lavish weddings called "Big Fat Weddings." The growing trend of social media and Reels is influencing our lives so much that we're deciding what to eat, what to wear, and how to live, all with social media in mind. This same social media has now overshadowed tradition. We're talking about weddings. Expensive and lavish weddings called "Big Fat Weddings." Don't you think that the culture of social media and Reels has completely changed the way weddings are held? Let's discuss this in more detail. Social media has changed the way weddings are held - Here we'll discuss the positive and negative effects of social media on weddings and how it has changed wedding patterns. 1. Online Invitations - There was a time when distributing wedding cards before a wedding was a major responsibility, requiring both time and money. Then there was the fear of missing out on someone special. But now digital invitations have made this easier. 2. Destination Weddings - Weddings, which used to be simple in the past, are now celebrated with equal pomp and show. As if the sole purpose of the wedding was to show off. The growing trend of destination weddings these days points to this. 3. Reelmaking instead of videography - People are now focusing more on short clips for reels rather than getting their weddings videographed. For this reason, photographers are specifically including reels shots in their packages, as this is the current demand. Perhaps this has become a way to show life happening. 4. Financial Pressure - Social media has forced people to spend more on weddings. For Instagram, aesthetic looks have become more important than rituals. 5. Dramatic Bride Entrances - The trend of dramatic bride entrances has become so prevalent that it seems they may soon become part of the tradition. While the bride used to be simply brought in veiled, now brides don't enter without singing and dancing.



